फेफड़े के कैंसर की जांच का राष्ट्रीय कार्यक्रम (नेशनल लंग कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम)

# समुदाय के सदस्यों द्वारा अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न




| | |
|---|---|
| फेफड़े का कैंसर (लंग कैंसर) क्या है? | 02 → |
| फेफड़ों के कैंसर की जांच क्या है? | 02 → |
| मुझे कम डोज़ वाले सीटी स्कैन कराने के बारे में क्यों सोचना चाहिए? | 02 → |
| स्कैन बुक करते समय मुझे रेडियोलॉजी क्लिनिक को क्या बताना होगा? | 02 → |
| फेफड़े के कैंसर की जाँच से मेरी मदद कैसे हो सकती है? | 02 → |
| फेफड़े के कैंसर की जाँच के संभावित नुकसान क्या हो सकते हैं? | 03 → |
| यदि मुझमें ऐसे लक्षण दिखें जो मुझे लगता है कि फेफड़े के कैंसर के हो सकते हैं तो क्या होगा? | 03 → |
| स्कैन की लागत कितनी होगी? | 04 → |
| मैं पात्र क्यों नहीं हूँ? | 04 → |
| मेरे स्कैन के बाद क्या होगा? | 04 → |
| मुझे फेफड़ों के कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए कितनी बार जाना होगा? | 04 → |
| स्क्रीनिंग कराने के लिए मैं कहाँ जाऊँ? | 04 → |


Australian Government

NATIONAL LUNG CANCER SCREENING PROGRAM

## फेफड़े का कैंसर (लंग कैंसर) क्या है?

फेफड़े का कैंसर एक प्रकार का कैंसर है जो फेफड़ों में शुरू होता है। कोशिकाओं का एक समूह जो सामान्य नहीं होते हैं, वे नियंत्रण से बाहर हो जाते हैं और शरीर के अन्य भागों में भी फैल सकते हैं।

## फेफड़ों के कैंसर की जांच क्या है?

फेफड़ों के कैंसर की जांच में उस स्थिति में कैंसर के संकेतों का पता लगाया जाता है जब आप स्वस्थ महसूस कर रहे होते हैं और आपको कोई लक्षण नहीं होते हैं। इसमें छाती की इमेजिस (तस्वीरों) को लेने के लिए कम डोज़ वाले कंप्यूटेड टोमोग्राफी (सीटी) स्कैन का उपयोग किया जाता है ताकि किसी भी छोटे गांठ, जिसे नोड्यूल कहा जाता है, का पता लगाया जा सके।

## मुझे कम डोज़ वाले सीटी स्कैन कराने के बारे में क्यों सोचना चाहिए?

यदि आपको फेफड़ों के कैंसर का अधिक जोखिम है, तो फेफड़ों के कैंसर की जांच से कैंसर का जल्दी पता चल सकता है जब उपचार सबसे अच्छा काम करता है। फेफड़ों के कैंसर की जांच आपके जीवन को बचा सकती है।

यदि आप 50 से 70 वर्ष की आयु के बीच हैं, आपको कोई भी संकेत या लक्षण नहीं दिखते हैं जो फेफड़ों के कैंसर होने का इशारा देते हैं, आप तंबाकू सिगरेट पीते हैं या आपने पिछले 10 वर्षों में धूम्रपान छोड़ दिया है और आपका लंबे समय से सिगरेट पीने का इतिहास रहा है, तो आपको अपने डॉक्टर से एक अपॉइंटमेंट लेनी चाहिए ताकि यह देखा जा सके कि फेफड़ों के कैंसर की जांच आपके लिए सही विकल्प है या नहीं।

## स्कैन बुक करते समय मुझे रेडियोलॉजी क्लिनिक को क्या बताना होगा?

उन्हें बताएं कि आप फेफड़ों के कैंसर की जांच में भाग ले रहे हैं। कृपया रेडियोलॉजी क्लिनिक को बताएं कि क्या आपको अपॉइंटमेंट में भाग लेने में मदद के लिए किसी अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए, यदि आपको इस बारे में बात करने के लिए सहायता की आवश्यकता हो, या यदि आपको कोई दुभाषिया चाहिए हो।

## फेफड़े के कैंसर की जाँच से मेरी मदद कैसे हो सकती है?

**फेफड़े के कैंसर का जल्दी पता लगाना:** कैंसर का जल्दी पता लगाए जाने पर उपचार के अधिक विकल्प और इलाज का बेहतर मौका मिलता है।

**मन की शांति:** स्क्रीनिंग से फेफड़े के कैंसर के न होने और साथ ही फेफड़े के अन्य रोगों के न होने का पता चलता है। कम डोज़ वाला सीटी स्कैन आपके फेफड़े के स्वास्थ्य की पुष्टि कर सकता है।

**यह आपको अपने धूम्रपान के इतिहास पर बातचीत करने और यदि आप इसे छोड़ना चाहते हैं तो सहायता पाने का अवसर प्रदान करता है।**

## फेफड़े के कैंसर की जाँच के संभावित नुकसान क्या हो सकते हैं?

**गलत पॉज़िटिव परिणाम:** जांच किए गए सभी लोगों में से लगभग 100 में से 3 लोगों में अधिक जोखिम या बहुत अधिक जोखिम वाला नोड्यूल पाया जाता है। यह देखने के लिए कि क्या अधिक जोखिम या बहुत अधिक जोखिम वाला नोड्यूल कैंसर है, स्कैन या बायोप्सी जैसे अधिक परीक्षणों की आवश्यकता होती है। अधिक जोखिम या बहुत अधिक जोखिम वाले नोड्यूल वाले आधे से कम लोगों में फेफड़ों का कैंसर पाया जाता है।

**चिंता:** कैंसर स्क्रीनिंग टेस्ट में भाग लेते समय चिंतित महसूस करना सामान्य है। हालांकि, फेफड़ों के कैंसर की जांच में जांच किए गए आधे से अधिक लोगों में नोड्यूल पाए जा सकते हैं, लेकिन 95% से अधिक मामलों में कैंसर नहीं होगा। फिर भी, स्कैन करवाना, परिणामों का इंतजार करना या आगे के स्कैन या परीक्षण करना तनावपूर्ण हो सकता है। अपने डॉक्टर से बात करें ताकि वे आपको उपलब्ध सहायता के बारे में जानकारी दे सकें।

**ज़रूरत से अधिक निदान और अनावश्यक उपचार:** कुछ कैंसर बहुत धीरे-धीरे बढ़ते हैं और हो सकता है कि वे आपके जीवनकाल में समस्याएं पैदा नहीं करें। इसे 'ज़रूरत से अधिक निदान' कहा जाता है और फेफड़े के कैंसर की जांच के दौरान पाए जाने वाले 30 में से लगभग 1 कैंसर में ऐसा होता है।

**कार्यवाही किए जाने योग्य अतिरिक्त निष्कर्ष:** स्कैन में शरीर के अन्य हिस्सों जैसे कि गर्दन, छाती और पेट के ऊपरी भाग की भी जांच की जा सकती है। कभी-कभी स्कैन से फेफड़ों में (कैंसर के अलावा कुछ और समस्या जैसे कि इम्फिसीमा) या फेफड़ों के बाहर (जैसे कि हृदय रोग) का पता भी लग सकता है। यदि आपके परिणाम फेफड़े के कैंसर से संबंधित नहीं हैं, तो नेशनल कैंसर स्क्रीनिंग रजिस्टर (NCSR) आपको डॉक्टर से मिलने के लिए प्रोत्साहित करेगा। निष्कर्षों पर चर्चा करने के लिए अपने डॉक्टर से मिलें।

**रेडिएशन (विकिरण) के संपर्क में आना:** कम डोज़ वाले सीटी स्कैन में विकिरण की कम मात्रा का उपयोग किया जाता है। यह नियमित जीवन में स्वाभाविक रूप से होने वाले विकिरण के एक वर्ष के संपर्क से कम है। यह जमीन, मिट्टी और पानी में हो सकता है। यह विकिरण का एक निम्न स्तर है जो सुरक्षित है और प्रारंभिक निदान में सुधार कर सकता है।

## यदि मुझमें ऐसे लक्षण दिखें जो मुझे लगता है कि फेफड़े के कैंसर के हो सकते हैं तो क्या होगा?

स्क्रीनिंग उन लोगों के लिए उपयुक्त नहीं है जिनमें निरंतर रूप से अस्पष्टीकृत लक्षण हों, जिनमें नीचे दिए गए लक्षण भी शामिल हैं। इन लोगों को अलग-अलग परीक्षणों की आवश्यकता है।

यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण है, भले ही आपका अंतिम स्क्रीनिंग परीक्षण बहुत कम जोखिम वाला था या आप स्कैन के बीच में हैं, तो कृपया तुरंत अपने डॉक्टर से बात करें।

- **नए प्रकार की या अलग तरह की खांसी**
- **खांसी में खून आना**
- **बिना किसी कारण के सांस फूलना**
- **बहुत थकान होना**
- **अव्याख्यायित वजन घटाना**
- **छाती या कंधे का दर्द जो ठीक नहीं होता**

## स्कैन की लागत कितनी होगी?

फेफड़ों के कैंसर की जांच के लिए कम डोज़ वाले सीटी स्कैन का खर्च मेडिकेयर द्वारा वहन (कवर) किया जाएगा।

## मैं पात्र क्यों नहीं हूँ?

नेशनल लंग कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम उन लोगों के लिए एक कार्यक्रम है जो नीचे दिए गए आयु और धूम्रपान के इतिहास के मानदंडों को पूरा करते हैं और जिनमें कोई लक्षण नहीं हैं, और इस प्रोग्राम का उद्देश्य फेफड़ों के कैंसर को शुरुआती चरण में ही ढूंढना है।

शोध में पाया गया है कि स्क्रीनिंग उन लोगों के लिए फायदेमंद है जिनकी आयु 50 से 70 वर्ष के बीच है, जिनमें फेफड़ों के कैंसर का कोई संकेत या लक्षण नहीं दिखता है, जो तंबाकू सिगरेट पीते हैं या जो पिछले 10 वर्षों में इसे छोड़ चुके हैं और जिनका लंबे समय तक सिगरेट पीने का इतिहास रहा है। और अधिक जानकारी के लिए: **'मैं फेफड़ों के कैंसर की जांच के लिए पात्र क्यों नहीं हूँ?' संसाधन देखें**। आप भविष्य में पात्र हो सकते हैं, इसलिए अपने डॉक्टर से पता करते रहें।

## मेरे स्कैन के बाद क्या होगा?

जाँच लें कि आपके संपर्क विवरण अप टू डेट हैं।

अपने परिणामों का इंतज़ार करें। NCSR आपको बताएगा कि आगे क्या करना है। यह एक रिमाइंडर हो सकता है (टेक्स्ट संदेश या पत्र के माध्यम से) कि आप दो वर्षों में जांच कराएं (यदि पाया जाता है कि आपका जोखिम बहुत कम है) या अपने परिणामों के लिए अपने डॉक्टर से दोबारा मिलें।

NCSR से रिमाइंडर मिलने के बाद फिर से स्क्रीनिंग के लिए नए लो-डोज़ CT के लिए अपने डॉक्टर से मिलें। अगर आपके स्कैन में कम जोखिम या अधिक जोखिम का पता चलता है, तो आपको अधिक नियमित स्कैन की आवश्यकता हो सकती है।

## मुझे फेफड़ों के कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए कितनी बार जाना होगा?

अपने डॉक्टर से बात करें कि क्या आप इस कार्यक्रम के लिए पात्र हैं। अगर आप पात्र हैं, तो आप हर दो साल में एक स्कैन करा सकते हैं। आपको स्कैन के लिए डॉक्टर के पास जाने की आवश्यकता होगी। अगर आपके स्कैन में कम जोखिम या अधिक जोखिम का पता चलता है, तो आपको अधिक नियमित स्कैन की आवश्यकता हो सकती है।

अगर आपके पास कोई महत्वपूर्ण निष्कर्ष नहीं है, तो अपने डॉक्टर से चर्चा करें कि आप दो साल के समय में अपने अगले स्कैन तक अपने फेफड़ों के स्वास्थ्य की देखभाल कैसे कर सकते हैं।

याद रखें, समय के साथ होने वाले किसी भी बदलाव को देखने के लिए जब आप नियमित स्कैन करवाते हैं, तो स्क्रीनिंग सबसे अच्छा काम करती है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि आप समय पर फेफड़ों के कैंसर की जांच के लिए अवश्य जाएं।

## स्क्रीनिंग कराने के लिए मैं कहाँ जाऊँ?

स्थानीय रेडियोलॉजी क्लिनिक या मोबाइल स्क्रीनिंग ट्रक के स्थान (कुछ ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में) पर अपने स्कैन के लिए बुक करें। उन्हें बताएं कि आप फेफड़ों के कैंसर की जांच में भाग ले रहे हैं।

**नेशनल लंग कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम के बारे में और अधिक जानकारी के लिए:**
www.health.gov.au/nlcsp

Quitline 13 7848

**धूम्रपान छोड़ने में मदद के लिए:**
www.quit.org.au

DT0004838-v01